# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

जन मन की आवाज



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 अंक-158 | सागवाड़ा, गुरूवार, 10 फरवरी, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## सरकारी ठेकों पर ही बैठ कर पिलाई जा रही शराब

### पुलिस और आबकारी विभाग की अनदेखी या फिर मिलीभगत ?





**सागवाड़ा।** नगर में अंग्रेजी शराब की दुकानों पर नियमों की धज्जियां उड़ना रही है। सागवाड़ा नगर में नर्सरी मोड़, डूंगरपुर मार्ग, प्राइवेट बस स्टेंड, पीडब्ल्यूडी कार्यालय, बांसवाड़ा रोड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकानों में शराब खरीदने वाले लोगों की भीड़ लग रही है, वहीं पास ही लोग झुंड में बैठकर शराब भी पी रहे हैं। इन सरकारी ठेकों के पास बैठाकर शराब पिलाई जा रही है।

इधर, आबकारी विभाग के पुलिस अधिकारियों ने अग्रेज़ी शराब की दुकानों में नियमों का पालन नहीं कराया जा रहा है जिससे बेरोकटोक लोग दुकान पर जाकर शराब खरीद रहे हैं तथा वहीं बैठकर शराब का सेवन भी कर रहे हैं।

नर्सरी मोड़ व बांसवाड़ा रोड पर स्थित अंग्रेजी शराब की दुकानों के परिसर में प्रतिदिन यह नजारा देखा जा सकता है जब दुकान के आसपास शराब पीने वालों का जमघट नजर आ रहा है। जिससे शराब दुकानों के पास ही लोगों को पीने की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। हालांकि इसकी जानकारी आबकारी विभाग व सागवाड़ा पुलिस अधिकारियों को भी है लेकिन इसके बावजूद नियमों का पालन नहीं कराने से एक बार फिर नगर में कोरोना संक्रमण के बढे की संभावना नजर आने लगी है।

## लेकसिटी में 21 से एमबी मैदान में होगा टी-10 लीग का आठवां संस्करण

**उदयपुर।** उदयपुर संभाग का बहुप्रतिक्षित और लोकप्रिय क्रिकेट टूर्नामेंट इस माह 21 से 27 तारीख तक आयोजित किया जाएगा। स्व. गमेरलाल जी जैन और स्व. भंवरलाल जी जैन की पुण्य स्मृति में होने वाली टी-10 क्रिकेट प्रतियोगिता के आठवें संस्करण के सभी मैच एम.बी. ए मैदान पर होंगे। आयोजक गौरव क्रिकेट क्लब के संस्थापक डॉ. प्रकाश जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में 32 टीमें भाग लेंगी। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता के पूर्व संस्करणों में कई नामी अन्तरराष्ट्रीय, रणजी और आईपीएल खिलाड़ी खेल चुके हैं। गौरव क्रिकेट क्लब के सचिव डॉ. अलंकार गुप्ता ने बताया कि मीनाक्षी ग्रुप द्वारा प्रायोजित इस प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। लीग में हर टीम में एक राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी को खेलने का अवसर दिया जाता है, ताकि स्थानीय खिलाड़ी उन्हें करीब से खेलते हुए देखें तथा खेल की बारिकियां सीख सकें। पिछले 7 संस्करणों में हम स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करने में सफल हुए हैं। टी-10 लीग में भाग लेने के लिए टीमों के पंजीयन शुरू हो गये हैं। 21 फरवरी सुबह 9 बजे प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक उद्घाटन होगा, यहां गौरव प्रीमियर लीग की टी- शर्ट की लॉचिंग भी की जाएगी।

## भाभी की हत्या के दोषी देवर को आजीवन कारावास की सजा

**डूंगरपुर।** जिला एवं सेशन न्यायलय ने अपनी भाभी की हत्या के दोषी देवर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी देवर पर 11 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है7 जिला एवं सेशन न्यायलय एपीपी कौशिक पंड्या ने बताया कि धम्बोला थाना क्षेत्र के पुनावाडा गाँव निवासी सगे भाई कालू रावत और रमण रावत के मकान पास-पास है। वर्ष 2005 में बड़े भाई कालू रावत ने अपने बैंक खाते से छोटे भाई रमण की शादी के लिए लोन लिया था। शादी के बाद से ही कालू रावत अपने छोटे भाई रमण को लोन की किश्ते चुकाने का दबाव बना रहा था लेकिन रमण ने लोन नहीं भरा। लोन की किश्ते नहीं चुकाने के कारण कालू का बैंक खाता फ्रिज हो गया। इसके बाद भी कालू लगातार रमण पर लोन चुकाने का दबाव बना रहा था। 7 मार्च 2019 की रात रमण तलवार लेकर अपने बड़े भाई कालू के घर गया और लोन भरने की बात के लेकर दोनों के बिच झगडा हुआ। झगडे के दौरान रमण ने अपनी भाभी और कालू की पत्नी शारदा के गले पर तलवार से वार कर दिया वही बचाव के लिए आये शारदा के बेटे को भी तलवार से वार कर घायल कर दिया। इसके बाद रमण मौके से फरार हो गया। बाद में कालू अपनी पत्नी शारदा और बेटे को लेकर सीमलवाडा अस्पताल पंहुचा जन्हा डॉक्टर ने शारदा को मृत घोषित कर दिया। मामले में अनुसन्धान करते हुए धम्बोला थाना पुलिस ने कोर्ट में चालन पेश किया था जिस पर आज जिला एवं सेशन न्यायलय ने रमण रावत को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 11 हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित किया।

## दो बाइक की आमने-सामने टक्कर, घायल चौरासी थाने के कांस्टेबल की मौत



**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में बोरी मोड़ के पास दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल चौरासी थाने के कांस्टेबल की मौत हो गई। वही 2 अन्य घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

कोतवाली सीआई दिलीपदान ने बताया कि चौरासी थाने का कांस्टेबल जयंतीलाल डामोर कोर्ट मुंशी है। आज दोपहर कोर्ट की फाइलो के साथ बाइक लेकर निकला। वह डूंगरपुर कोर्ट आ रहा था। रास्ते मे बोरी मोड़ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। इससे कांस्टेबल जयंतीलाल डामोर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार 2 अन्य युवकों को भी चोंटे आई। गंभीर घायल कांस्टेबल जयंतीलाल को डूंगरपुर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। हालत गंभीर होने पर उदयपुर रैफर कर दिया।

उदयपुर के निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान जयंतीलाल की मौत हो गई। शव को उदयपुर से वापस डूंगरपुर लाया जा रहा है। कल शुक्रवार को डूंगरपुर हॉस्पिटल के मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

## डूंगरपुर में रिकवरी रेट 92 प्रतिशत, आज 97 नए पॉजिटिव मरीज, एक्टिव केस 535 रहे

**डूंगरपुर।** कोरोना की तीसरी लहर के बाद अब रिकवरी बढ़ने लगी है। जिले में रिकवरी रेट 92 प्रतिशत से ऊपर हो गई है। वहीं आज गुरुवार को 67 नए पॉजिटिव मरीज आए है। इसमें स्कूली बच्चें, कर्मचारी ओर कई लोग संक्रमित हुए है।

डूंगरपुर जिले में कोरोना मरीजो का आंकड़ा घटने लगा है। सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा ने बताया कि डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के लेबोरेट्री से आज गुरुवार को आई रिपोर्ट में 67 नए कोरोना पॉजिटिव केस आए है। इसमें कई बच्चे भी कोरोना की चपेट में आये है। डूंगरपुर शहर के न्यू कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड समेत अलग-अलग कॉलोनियों से 15 पॉजिटिव केस है। वही डूंगरपुर ब्लॉक ग्रामीण से 24 केस है। बिछीवाड़ा से 6, सागवाडा से 4, सीमलवाड़ा से 15, सागवाड़ा नगर से 3 पॉजिटिव केस हैं। ज़िले में पॉजिटिविटी रेट 15 प्रतिशत है।

सीएमएचओ ने बताया कि जिले में आज एक दिन में 205 मरीज रिकवर हुए है। रिकवरी रेट में 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 92 प्रतिशत रिकवरी हो रही है। वहीं ज़िले में एक्टिव केस की संख्या घटकर 535 हो गई है। जिले में पॉजिटिव मरीजों में कमी और रिकवरी में बढ़ोतरी से अच्छे संकेत है। सीएमएचओ ने बताया कि पॉजिटिव मरीजो की लगातार मोनिटरिंग की जा रही है। मरीजों को उनके घरों तक दवाइयां भी पहुचाई जा रही है।

## भीलूड़ा गांव के प्रथम सी ए बने मानस जैन, ग्रामीणों में खुशी की लहर





**सागवाड़ा।** आईसीएआई ( दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ) ने सीए फाइनल का परीक्षा परिणाम घोषित किया । जिसमे भीलूड़ा गाँव निवासी मानस पिता भूपेन्द्र जैन सीए बने है। भीलूड़ा गाँव के पहले सीए बनने पर ग्रामीणों ओर जैन समाज के लोगो मे खुशी का माहौल हैं। वही भीलूड़ा गांव में इसी परिवार से डॉ प्रधुम्न जैन गांव का पहला एम बी बीएस डॉक्टर बना था। जो वर्तमान में बाल चिकित्सक के पद पर बाँसवाड़ा राजकीय चिकित्सालय में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मानस जैन ने अपनी प्राथमिक शिक्षा गुरुकुक शिक्षण संस्थान भीलूड़ा में प्राप्त की है। वही उच्च शिक्षा उदयपुर से प्राप्त की हैं। बचपन से ही मानस होनहार छात्र था। मानस एक व्यापारिक परिवार से आते है । ओर बचपन से उनकी रुचि इसी क्षेत्र में थी वो पढ़ने के साथ - साथ व्यवसाय में भी अपने परिवार का हाथ बटाते थे। वही मानस ने बताया कि गुरुदेव आचार्य सुनील सागर महाराज व माता पिता के आशीर्वाद ओर शिक्षकों के मार्गदर्शन के कारण यह सफलता हासिल हुई है। वही मानस ने बताया कि वो आगे सर्टिफाइड चार्टर्ड एकाउण्टेंट की भी तैयारी करेंगे । मानस को ग्रामीणों ओर समाजजनों व रिश्तेदारों ने भी बधाई दी हैं ।

## शंकर यादव की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में हर्ष

**डूंगरपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा की गई राजनेतिक नियुक्तियों में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और डूंगरपुर के पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. शंकर यादव को अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास कारपोरेशन का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इधर घोषणा के बाद डूंगरपुर के कांग्रेस कार्यकर्ताओ में माह उत्साह का माहौल है वही यादव को बधाई देने वालो का ताँता लगा हुआ है।

## पांचवी अनुसूचि के अधिकारों को लागू करने की मांग

**सीमलवाड़ा।** भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा राज्यपाल के नाम उपखंड कार्यालय पहुँच कर ज्ञापन सोपते हुए शेड्यूल एरिया में पांचवी अनुसूची के अनुच्छेद 244 (1) के उद्देश्य अनुरूप सरकारी सेवा में आरक्षण की मांग की।वही बताया कि आजादी के 73 वर्ष हो चुके हैं और भारत के संविधान को अस्तित्व में आए 70 वर्ष हो चुके लेकिन आज तक अनुसूचित जनजाति के समुदायों में आर्थिक शैक्षिक रूप से पिछड़ा पन जारी है। जिसकी वजह से आज भी अन्य समुदाय की अपेक्षा अनुसूचित जनजाति के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। शेड्यूल एरिया में प्रशासन व नियंत्रण हेतु 5 अनुसूची के तहत विशेष प्रावधान किए गए हैं। जिसमें के तहत विशेष शक्तियां प्राप्त है। शेड्यूल एरिया में सामान्य वर्ग व अन्य वर्ग को नौकरियों में इस क्षेत्र में अनुसूची के तहत कोई भी लाभ प्रदान नहीं किया जा सकता है। इसके बावजूद भी राजस्थान के शेड्यूल एरिया में तत्कालीन 2013 और 2016 की सरकारों ने आदिवासियों के संवैधानिक विशेष अधिकारों का हनन करते हुए गैर संवैधानिक अधिसूचना जारी करके आदिवासियों के विशेषाधिकार के साथ कुठाराघात किया जिसको लेकर ज्ञापन सौंपते हुए अनुसूचित जनजातियों को अराजपत्रित सेवाओं के सभी पदों में अनुच्छेद 244(1) की मूल भावना उद्देश्य के अनुरूप आरक्षण की मांग की। ज्ञापन के दौरान कमलेश डिंडोर गोपाल ननोमा कमलेश खराड़ी शांतिलाल, जगपाल ननोमा, विनोद डिंडोर, राजेंद्र दामा, सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## जिला कलेक्टर ने सागवाड़ा उप कारागृह का किया निरीक्षण

**सागवाड़ा।** जिला मजिस्ट्रेट व कलेक्टर शुभम चौधरी अपने सागवाडा क्षेत्र के दौरे के दौरान उप कारागृह सागवाड़ा का निरीक्षण करते हुए जेलर को निर्देश दिए। जिला कलेक्टर चौधरी ने उप कारागृह का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जेलर से कारागृह की सुरक्षा ,भोजन,आवास व अन्य गतिविधियों को लेकर जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए वही जिला कलेक्टर ने कैदियों से मुलाकात की और उन्हें अपना आचरण और व्यवहार बेहतर करने की सलाह दी.

उन्होंने कहा कि भूतकाल में हुई गलतियों से अपने भविष्य की दिशा तय ना करें. अपने वर्तमान पर ध्यान दें, कौशल का विकास करें, अपना व्यवहार सुधारने की तरफ काम करें. कानून के नियमों की पालना करें. नियम कायदों की पालना करने से ही समाज की मुख्यधारा में जुड़ ने की बात कही ।

वही जेलर बाबूलाल दामा ने जिला कलेक्टर से पुस्तकालय का सुदृढ़ीकरण करने के लिए अतिरिक्त पुस्तकें क्रय करने की बात कही वही कारागृह में केदियों को शुद्ध पानी के लिए आर ओ फिल्टर मशीन लगाने की भी बता कही साथ ही सुरक्षा के लिए कारागृह में सीसीटीवी कैमरे लगाने की के लिए अवगत कराया। जिस पर जिला कलेक्टर ने सम्बंधित उच्च अधिकारीयो को फोन से अवगत कराया वही जिला कलेक्टर ने कैदियों के उत्साहवर्धन, फिजिकल और मानसिक फिटनेस के लिए खेल गतिविधियों पर कार्य करने के निर्देश दिए । इस अवसर पर तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा , थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सौलंकी , पटवारी विनय पुंजोत, मुकेश भोई सहित जेल प्रहरी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।




## पांतली गांव में दो 2 व्यक्तियों के झगडे के कुछ घंटो बाद एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थियों में मौत

**डूंगरपुर।** जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के पांतली गांव में दो 2 व्यक्तियों के झगडे के कुछ घंटो बाद एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थियों में मौत हो गई। दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया कि पांतली फला कमलोता निवासी अमृतलाल परमार ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भाई 40 वर्षीय तोलाराम परमार बुधवार रात को घर पर था।

उसी समय छोटे भाई नारायण परमार का बेटा उमेश अपने काका तोलाराम के घर गया। बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर तोलाराम और उमेश के बिच झगडा और हाथापाई हो गई। हो हल्ला सुनकर बेटा तोलाराम का बेटा विष्णु दौड़कर आया और दोनों को अलग किया। इसके बाद उमेश वहां से भाग गया। बेटा विष्णु आज गुरुवार सुबह पिता को उठाने गया तो देखा कि तोलाराम की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी मय जाब्ता मौके पर पंहुचे ओर जानकारी ली।

इसके बाद शव को डूंगरपुर हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। अमृतलाल ने कल बुधवार रात को हुए घटनाक्रम का जिक्र करते हुए पुलिस को रिपोर्ट दी है। फिलहाल मौत का सही कारणो का पता नहीं लग सका है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## निजी बस का स्टेयरिंग हुआ फेल, अनियंत्रित होकर 25 फीट गहरी खाई में गिरी बस, हादसे में 10 यात्री हुए घायल

**डूंगरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में स्टेयरिंग फेल हो जाने से एक निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क से 25 फीट गहरी खाई के गिर गई। हादसे में बस सवार 25 यात्रियों में 10 यात्री घायल हो गए। जिन्हें डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बस मुम्बई से सागवाडा आ रही थी। सदर थानाधिकारी हजारीलाल मीणा ने बताया कि जनता ट्रेवल्स की निजी बस मुम्बई से सवारियां लेकर डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा जा रही थी। इस दौरान सुबह करीब 7 बजे के आसपास सरकण घाटी में अचानक बस का स्टेयरिंग फेल हो गया।



स्टेयरिंग फेल होने से बस अनियंत्रित हो गई ओर बस सड़क से 25 फीट गहरी खाई जा गिरी।

उस समय बस में बैठी सवारी सो रही थी। इधर हादसे के बाद मौके पर हाहाकार मच गया। सड़क से गुजर रहे दूसरे वाहनधारी रुके ओर मामले की जानकारी सदर थाना पुलिस को ओर 108 एम्बुलेंस को दी। सूचना पर पुलिस व एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस ने लोगो की मदद से बस में फंसे यात्रियों को एक-एक करके बस से बाहर निकाला। थानाधिकारी हजारीलाल मीणा ने बताया कि बस में कुल 25 सवारी थी। हादसे में 2 यात्री गंभीर व 8 यात्रीयो घायल हो गए वही शेष को हल्की चोट आई है। इसके बाद पुलिस ने सभी घायलो को 108 एम्बुलेंस व निजी वाहनों से डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टर्स व नर्सिंग स्टाफ के द्वारा घायलो का उपचार शुरू किया गया।

## शराब तस्कर को किया गिरफ्तार, कोर्ट ने तीन दिन की पेशी रिमांड पर सौंपा

**सीमलवाड़ा।** धंबोला सीआई भैयालाल आंजना ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया जिसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे तीन दिन की पेशी रिमांड पर पुलिस को सौंपा है। सीआई भैयालाल आंजना ने बताया कि चौरासी पुलिस द्वारा 22 जनवरी 2022 को एक डस्टर कार जब्त कर कार से 118 बोतल शराब जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया था। जिसकी जांच एसपी सुधीर जोशी ने धंबोला सीआई भैयालाल आंजना को सौंपी थी। जांच में यह शराब डावल, भीलवाड़ा निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र मूल सिंह राठौड़ द्वारा देना बताया। सीआई भैयालाल आंजना ने उक्त तस्कर जितेंद्र सिंह राठौड़ को गिरफ्तार किया। कोर्ट में पेश किया जहां से उसे तीन दिन की पेशी रिमांड पर सौंपा है। पूछताछ में बताया कि जितेंद्र सिंह लॉक डाउन होने के बाद बेरोजगार हुआ था। मुख्य तस्कर उदयपुर निवासी रूपेंद्र सिंह उर्फ रूपेंद्र पाल सिंह के संपर्क में आया था। शराब को गुजरात पहुंचाने का कार्य सौंपा जिसमें एक बार का 5 हजार मिलते थे, साथ ही इस कार्य में और बेरोजगार लोगों को शामिल कराया जिसमे भी प्रति बेरोजगार 5 सौ रुपए जितेंद्र सिंह को मिल रहा था। पुलिस द्वारा जब्त डस्टर कार भी फर्जी निकली। अहमदाबाद आरटीओ से जानकारी लेने पर डस्टर कार का नंबर किसी और से नाम जारी है, जिसके पास उक्त नंबर का वाहन भी मिला है।